गृह (ग्रुप–6) विभाग
शासन सचिवालय, जयपुर
डायरी संख्या ...573...
दिनांक ..28/2/2022..

राजस्थान सरकार
गृह (ग्रुप–1) विभाग

क्रमांकः प. 3(2)गृह–1/2019 जयपुर, दिनांक– 24.02.2022

–:: आदेश ::–

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी भर्ती परीक्षा, 2019 में चयन किये जाने की अनुशंषा के आधार पर इस विभाग की आज्ञा क्रमांक प. 3(16)गृह–1/2017 भाग ।। दिनांक 27.09.2021 के द्वारा श्री हर्षवर्धन को राजस्थान राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला सेवा में वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (जैविक)के पद पर दो वर्ष की कालावधि के लिए परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में नियुक्त करते हुए निदेशालय, राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला में उपस्थिति देने हेतु निर्देशित किया गया था।

श्री हर्षवर्धन ने उनके प्रार्थना पत्र दिनांक 09.10.2021 द्वारा अपनी पत्नी के प्रसव निकट समय होने के मध्यनजर कार्यग्रहण हेतु 4 माह की अभिवृद्धि चाही गई। श्री हर्षवर्धन द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर इस विभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक 08.11.2021 द्वारा उन्हे दिनांक 01.12.2021 तक अभिवृद्धि प्रदान करते हुए निर्धारित अवधि में कार्यग्रहण करने का लेख किया गया। श्री हर्षवर्धन द्वारा दिनांक 29.11.2021 को पुनः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया है कि उनकी पत्नी को दिनांक 13.10.2021 को प्रसव हो गया है तथा जच्चा–बच्चा की देख रेख के कारण उन्हे कार्यग्रहण हेतु 3 माह का अतिरिक्त समय प्रदान किया जावें। इस विभाग के पत्र दिनांक 13.02.2021 द्वारा श्री हर्षवर्धन को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 03.01.2022 तक आवश्यक रूप से कार्यग्रहण करने के निर्देश प्रदान किये गये लेकिन नियुक्ति पत्र जारी होने के पश्चात लगभग 5 माह का समय व्यतीत हो जाने के बावजूद भी श्री हर्षवर्धन द्वारा अपने पद पर कार्यग्रहण नही किया गया है।

अतः श्री हर्षवर्धन को कार्यग्रहण करने हेतु बार–बार अवसर प्रदान किये जाने के बावजूद भी उनके द्वारा कार्यग्रहण नहीं किये जाने के कारण उन्हे नियुक्ति के लिए इच्छुक नहीं मानते हुए इस विभाग के आदेश दिनांक 27.09.2021 में वर्णित शर्तो के अध्यधीन श्री हर्षवर्धन के नियुक्ति आदेश एतद्द्वारा निरस्त किये जाते है।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(रामनिवास मेहता)
संयुक्त शासन सचिव, पुलिस

प्रतिलिपी निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, अति. मुख्य सचिव, गृह।
2. सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर।
3. वरिष्ठ शासन उप सचिव, गृह (ग्रुप–6) विभाग को वैब–साईट पर अपलोड करने हेतु।
4. निदेशक राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, राजस्थान जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि वे अपने स्तर से भी सम्बन्धित अभ्यर्थी को सूचित करें।
5. श्री हर्षवर्धन, न्यू कायता कॉलोनीं, लेन न0 3, लोहालगल रोड, अजमेर–305001।
6. निजी पत्रावली/रक्षित पत्रावली।

24/2/22

संयुक्त शासन सचिव, पुलिस